प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव के बाकी बचे चरणों के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार में खूब पसीना बहा रहे हैं। प्रत्याशियों के अलावा सभी दलों के शीर्ष नेता लगातार चुनावी सभाओं के जरिए उम्मीदवारों के समर्थन में वोट मांग रहे हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय झारखंड दौरे पर 17 मई को रांची आयेंगे। श्री शाह 17 मई को सांसद और भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में रांची के चुटिया में रोड शो करेंगे। वहीं, 18 मई को बोकारो में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर पार्टी के स्टार प्रचारक सह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसदीय चुनाव में प्रचार के सिलसिले में 19 मई को पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला आ सकते हैं। यहां वे भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के स्टार प्रचारक डॉ हिमंत बिस्वा सरमा आज गिरिडीह समेत राज्य में कई जगहों पर चुनाव प्रचार करेंगे।

****

उधर इंडी गठबंधन के नेताओं का भी राज्य में धुआंधार प्रचार जारी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री सह आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल भी कल जमशेदपुर में झामुमो उम्मीदवार समीर मोहंती के लिए प्रचार करेंगे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के भी 18 मई के बाद प्रचार के सिलसिले में झारखंड आने की संभावना है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और राजद नेता तेजस्वी यादव की भी गिरिडीह में सभा प्रस्तावित है। राजद नेता तेजस्वी यादव की चतरा में भी जनसभा होगी।

****

लोकसभा चुनाव के सिलसिले में दुमका, राजमहल और गोड्डा के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की आज जांच की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रमों के अनुसार संथाल के समर से उम्मीदवार 17 मई तक हट सकते हैं। इन तीनों संसदीय क्षेत्रों में सातवें और आखिरी चरण में एक जून को मतदान होगा, जबकि देश के अन्य लोकसभा सीटों के साथ ही यहाँ भी चार जून को मतगणना होगी।

****

प्रदेश कांग्रेस और झामुमो के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर भाजपा के पोलिंग एजेंट द्वारा सिंहभूम और खूंटी में चौथे चरण के मतदान के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताया कि भाजपा के पोलिंग एजेंट द्वारा लोगों को भाजपा के चुनाव चिन्ह और फोटो वाली पर्ची बांटी गयी, जो आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने और निर्वाचन आयोग से इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति पर रोक लगाने की मांग की है।

****

टेंडर कमीशन घोटाला और नकदी बरामदगी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय आज दूसरे दिन भी राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ कर रही है। इससे पहले कल भी श्री आलम से ईडी ने लगभग 9 घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान श्री आलम ने पीएस संजीव लाल के ठिकानों से मिले नकदी मामले में खुद को अंजान बताया।

****

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में चतरा लोक सभा सीट के लिए 20 मई को मतदान होगा। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता——

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर के मौसम में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। राज्यभर में गर्मी एक बार फिर सितम ढाने को तैयार है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार आनेवाले तीन–चार दिनों में अधिकतम तापमान में पाँच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। वहीं 19 मई तक आकाश में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और मौसम के शुष्क बने रहने का पूर्वानुमान है।

******समाप्त******